nt>

12.41 hrs.

(ii) Re: Securing early release of Indian Fishermen lodged in Pakistani Jails

Title: Need to secure early release of Indian fisherman lodged in Pakistani jails.

श्री जसुभाई दानाभाई बारड़ (जूनागढ) : माननीय अध्यक्ष जी, पिछले 15 दिनों में गुजरात के समुद्र तट से जुड़ा हुआ पाकिस्तान का जो बार्डर है, वहां से पाकिस्तानी सिक्यूरिटी गार्ड्ज़ ने करीब-करीब 700 मछुआरों को पकड़कर पाकिस्तान की जेलों में बंद किया है और उनके द्वारा काम में लाई जाने वाली जो बोट्स हैं, वे भी पकड़ ली गई हैं। इससे करीब 700 मछुआरों के परिवार वालों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूँ कि पाकिस्तानी बार्डर का समुद्र तट सिर्फ गुजरात के कच्छ और जखउ इलाके में पड़ता है। जब भी पाकिस्तानी कोस्ट गार्ड मछुआरों को पकड़कर ले जाते हैं तो उसमें ज्यादातर लोग गुजरात के दीव विस्तार, दमन विस्तार के और सौराट्र के इलाके के होते हैं। मैं सरकार से गुजारिश करना चाहता हूँ कि पाकिस्तानी जेलों में बंद जो मछुआरे हैं, उनको तथा उनकी बोट्स को छुड़ाने के लिए जल्दी से जल्दी कुछ कार्रवाई की जाए। हालांकि जो मछुआरे वहां से यहां आते हैं, वे बताते हैं कि उनको पाकिस्तानी जेलों में खाने की भी पूरी उपलब्धता नहीं है और उनके साथ अमानुकि बर्ताव किया जाता है। जल्दी से जल्दी उनको छुड़ाने के लिए सरकार कुछ कार्र वाई करे, यह मेरा अनुरोध है।

SHRI P.S. GADHAVI (KUTCH): Sir, I request the hon. Minister of Home Affairs that the Coast Guard activity should be expedited. Then this problem, which is an old problem, will be solved. Thank you.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI SHIVRAJ V. PATIL): Sir, we have already taken a decision to strengthen the Coast Guard and we are going to have more boats. We are going to have more offices and men and the protection that is required would be given to the people living in that area.

MR. SPEAKER : Thank you.